समुदायिक सेवा कार्यक्रम 2019

दिनांक 18.12.2019 को मोंटफोर्ट विद्यालय भोपाल में सामुदायिक सेवा कार्यक्रम कम्यूनिटी सर्विस प्रोग्राम के अन्तर्गत कक्षा दसवीं के विद्यार्थियों ने बढ़–चढ़कर भाग लिया। यह कार्यक्रम गरीब बच्चों के भविष्य को उज्ज्वल बनाने के लिए सेंट मोंटफोर्ट विद्यालय द्वारा संचालित हिंदी माध्यम शाखा के विद्यार्थियों हेतु आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम के अन्तर्गत कक्षा दसवीं के विद्यार्थियों का समाज के गरीब तथा वंचित वर्ग के लिए दया व प्रेमभाव देखने को मिला। छात्रों ने विद्यालय की प्राइमरी बिल्डिंग में संचालित हिंदी माध्यम शाखा पहुँचकर ,वहाँ के विद्यार्थियों के साथ विभिन्न प्रकार के खेल खेले तथा अनेक गतिविधियों का आयोजन किया। जिसकी सभी ने बहुत सराहना की। तत्पश्चात् विद्यार्थियों द्वारा फल ,चॉकलेट ,गिफ्ट आदि का वितरण किया गया । जिसे पाकर सभी बच्चे बहुत प्रसन्न हुए।

इस कार्यक्रम को सफल बनाने में प्राचार्य ब्रदर मोनाचन तथा कक्षा दसवीं की कक्षाध्यापिकाओं का विशेष योगदान रहा।